हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 21 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 23.2 डिग्री
न्यूनतम 11.6 डिग्री

10 कई राज्यों में कोरोना के मामले बढ़ने के बाद जिले ...

11 जागरुकता रथ से किया जा रहा ...




## खबर संक्षेप

### सोने चांदी के जेवर व नगद रकम की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम मचेवा में अज्ञात चोर ने सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम की चोरी कर ली। प्रार्थी सुशील तिवारी पिता श्याम देव तिवारी (45 साल) सांई वाटिका मचेवा ने पुलिस को बताया कि रविवार के दिन 7 बजे किसी अज्ञात चोर ने उसके घर के लाकर में रखे 91000 रुपए का सोने-चांदी के जेवर एवं 4000 रुपए नगद की चोरी कर ली है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर जांच संज्ञान में लिया है।

### देशी प्लेन शराब के साथ एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने मुक्तिधाम के पास अवैध रूप से रखे शराब को जब्त करने के साथ ही एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रिंस सलूजा पिता हरभजन सिंह बागबाहरा के पास से 3420 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 1520 रुपए बरामद किया है। आरोपी को 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत रिमांड में लिया गया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान महुआ शराब के साथ कौशिक मेहर पिता कार्तिकराम 40 साल ग्राम रसोड़ा एवं सूर्यकांत सोना पिता कलदोरा सोना 70 साल ग्राम नरसिंगपुर को पकड़ा। इन दोनों के पास से अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे कुल 8000 एमएल महुआ शराब कीमत 1600 रुपए को जब्त किया गया है। इन आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



## रेत के अवैध उत्खनन पर कार्रवाई, 27 हाईवा और चार चेन माउंटेन मशीन जब्त




**महासमुंद।** रेत के अवैध उत्खनन पर जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 20 दिसंबर को महासमुंद जिले के ग्राम बड़गांव बरबसपुर, तुमगांव एवं ग्राम बम्हनी, लचकेरा, हथखोज महासमुंद में छापामार कार्रवाई की गई। में रेड की कार्रवाई की गई। पुलिस टीम को आता देख रेत माफिया नदी पार-कर भागने लगे, पुलिस ने भाग रहे ड्राइवर एवं हेल्परों को पकड़ा । इन्होंने हाइवा एवं चेन माउंटेन मशीन को अलग-अलग वाहन स्वामी का होना बताया। थाना महासमुंद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बम्हनी, लचकेरा, हथखोज के पास से 25 नग हाईवा ट्रक एवं 3 नग चेन माउंटेन मशीन जब्त किया गया तथा थाना तुमगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बडगांव बरबसपुर के पास से 2 हाइवा एवं 1 नग चेन माउंटेन मशीन जब्त किया गया, इस तरह महासमुंद क्षेत्र मे 27 नग हाइवा ट्रक एवं 4 नग चेन माउंटेन मशीन जब्त किया गया। भारी मात्रा में अवैध रेत (बालू) उत्खनन एवं परिवहन किए जाने पर थाना सिटी कोतवाली महासमुंद एवं थाना तुमगांव में मामला दर्ज किया गया। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक महासमुंद धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में अति पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनु अधिकारी(पु) महासमुंद श्रीमती मंजूलता बाज व प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक मोनिका श्याम एवं जिले की पुलिस टीम के द्वारा की गई।

### योजना: नहर लिंक रोड सहित नया बस स्टैंड, गौरव पथ निर्माण को मिली थी स्वीकृति

# पांच साल तक अटके रहे शहर के 40 करोड़ के विकास कार्य, अब होंगे पूरे ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर विकास के लिए पांच साल पूर्व बनाई गई 40 करोड़ रुपए की योजनाएं अभी तक अटके हुए हैं। इन पांच वर्षों में एक बार भी इन योजनाओं को धरातल में उतारने के बारे में सुगबुगाहट भी नहीं दिखाई दी है। इनमें कुछ योजनाएं ऐसी भी है, जिन्हें चार-पांच साल पूर्व बजट में शामिल भी किया गया था और ये योजनाएं शहर के बेहद महत्वपूर्ण भी साबित हो सकता था। लेकिन, आज तक इन पर काम नहीं हो पाया। अब प्रदेश पर उनकी सरकार बैठ गई है, जिनके कार्यकाल में ये योजनाएं बनी थी, जिससे इनके पूरे होने के आसार अब नजर आ रहे हैं।

वर्ष 2018 के पूर्व भाजपा शासन काल में नगरपालिका द्वारा शहर के विकास कार्य के लिए कई नए प्रावधान किए गए थे। इनमें कई योजनाओं को बजट में भी शामिल किया गया था, तो वहीं कई योजनाओं की स्वीकृति मिल चुकी थी और कईयों का ले आउट भी तैयार हो चुका था। लेकिन, इसके बाद प्रदेश में सरकार बदलते ही इन योजनाओं को किनारा कर दिया गया। पिछले 6-7 वर्षों से नगर पालिका के बजट में नया बस स्टैंड, गोकुल नगर, नहर लिंक रोड, गौरव पथ, ऑक्सीजन जोन, नपा का नया भवन और व्यवसायिक कॉम्पलेक्स शामिल किया जा रहा है। नया बस स्टैंड के लिए तो प्रक्रिया भी शुरू हुई थी। बागबाहरा रोड पर लभरा के पास जमीन भी देखी गई थी, लेकिन यह योजना भी ठंडे बस्ते में चली गई है। गोकुल नगर, नहर लिंक रोड, नपा के नए भवन की प्रक्रिया कागजों में ही सीमित है। 2023-24 के बजट में शामिल ट्रांसपोर्ट नगर, महिला बाजार निर्माण, तुमगांव रोड रेलवे क्रासिंग पर शेड का निर्माण आगे बढ़ नहीं पाया है।



### बड़े प्रोजेक्ट के लिए जगह का अभाव

शहर में ज्यादातर योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जगह नहीं है। इस कारण कई बड़े प्रोजेक्ट ग्राम पंचायतों में प्रस्तावित किए जा रहे हैं। मल्टीलेवल पार्किंग और नपा का नया भवन बनाने के लिए भी जमीन नहीं मिल रही है। पुरानी टंकी के पास व्यवसायिक काम्प्लेक्स बनाने की योजना भी अधर में है। इन सभी कारणों से प्रोजेक्ट पर काम नहीं हुआ है। योजनाएं बजट के प्रावधान तक ही सीमित रह गई हैं।

### योजनाएं और लागत

| प्रावधान | लागत |
|---|---|
| नया बस स्टैंड | 4 .40 करोड |
| गोकुल नगर | 1 करोड़ |
| नगर लिंक रोड | 12 करोड |
| मल्टीलेवल पार्किंग | 2 करोड |
| गौरव पथ | 5 .50 करोड़ |
| नपा का नया भवन | 3 करोड |
| व्यवसायिक कॉम्पलेक्स | 1 करोड़ |
| ट्रांसपोर्ट नगर | 10 करोड़ |
| महिला बाजार | 50 लाख |

**स्टेडियम निर्माण अधूरा:** नगर शासन द्वारा इंडोर स्टेडियम बनाया जा रहा है। लेकिन, चार साल बाद भी इसका निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। मिनी स्टेडियम का उन्नयन भी नहीं हो पाया है। शहर के मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण के बाद सौंदर्यीकरण किया जाना था। नगर पालिका के सीएमओ टामसन रात्रे का कहना है कि बस स्टैंड के लिए जमीन देखी गई थी, पर अब तक स्वीकृति नहीं मिली है। बजट के ज्यादातर प्रावधानों के लिए स्वीकृति का इंतजार है।

### शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** तेंदूकोना, सांकरा, पटेवा, खल्लारी थाना पुलिस ने शराब पिलाने की सुविधा दे रहे तुकाराम ठाकुर पिता पनपुड़न ठाकुर ( 43 साल) घोघरा, ओमप्रकाश बाघ पिता रेशम लाल बाघ सांकरा, लिलेश साहू पिता अनिरूद्ध साहू (30 साल) सिनोधा, धनीराम रात्रे पिता सालिकराम (33 साल) निवासी कोमा को पकड़ा है। सभी के विरूद्ध धारा 36 सी आबकारी एक्ट तहत कार्रवाई की गई है।

### जंगल में फांसी पर लटका मिला शव

**महासमुंद।** ग्राम भीथीडीह के जंगल में सोमवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव फांसी पर लटका मिला। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मृतक की शिनाख्त जीतू विश्वकर्मा पिता परदेशी (52 साल) ग्राम कोचर्रा के रूप में की है। घटना का कारण अज्ञात है। उक्त घटना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969





## खबर संक्षेप



### दलदली में दिव्यांगजनों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**महासमुंद।** शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा दिव्यांगजनों के लिए संचालित आशा मनोविकास केंद्र घरौंदा के दिव्यांगजनों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए दलदली ले जाया गया। संस्था प्रमुख मनोज साहू ने बताया कि जो बच्चे अब तक घरों में रहते रहे और कभी आसपास के पर्यटन स्थलों से वाकिफ नहीं हुए, ऐसे मानसिक और शारीरिक तौर पर दिव्यांग आसपास के स्थलों से अवगत कराए जाने की पहल के तहत भ्रमण एवं पिकनिक में ले जाया गया। इस दौरान बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। साथ ही बच्चों को उक्त पर्यटन क्षेत्र के बारे में भी अवगत कराया गया। इस दौरान संस्था प्रमुख मनोज साहू के अलावा खेमचंद जंजीर, उदय साहू सहित घरौंदा अधीक्षक उषा साहू, सुनीता शर्मा, मनीषा बिसने, सोनम ध्रुव, सरिता सोनी, ज्योति साहू, टीना मिरी, गौरी मिरी, दिव्या ठाकुर, खूशबु राजपूत, त्रिवेणी हरपाल, रितु ध्रुव, तान्या श्रीवास्तव, बीसा बाई एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### अमलीडीह में श्रीमद भागवत महापुराण 23 से

**कोर्रा(भखारा)।** राधारानी महिला समूह एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम अमलीडीह (कुर्रा) में श्रीमद भागवत महापुराण कथा महोत्सव 23 से 31 दिसंबर तक किया गया है। कथा व्यास वासुदेव तिवारी महाराज अरकार बालोद होंगे।

# जिले के चारों निवनिर्वाचित विधायकों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रदेश में भाजपा की सरकार स्पष्ट बहुमत से आने के बाद मंगलवार को विधानसभा का प्रथम सत्र शुरु हुआ। इसमें जिले के नव निर्वाचित विधायकों ने शपथ ली। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा महासमुंद, द्वारिकाधीश यादव खल्लारी, संपत अग्रवाल बसना और चातुरी नंद ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इनसे में योगेश्वर राजू सिन्हा, संपत अग्रवाल और चातुरी नंद पहली बार चुनकर विधानसभा पहुंचे हैं। जबकि द्वारिकाधीश यादव नदूसरी बार प्रचंड 37119 मतों से जीतकर खल्लारी विधानसभा के किसी भी विधायक के रिपीट नहीं होने के रिकार्ड को ध्वस्त करते हुए पुनः जीतकर आए।



महासमुंद विधानसभा से भाजपा के योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस की डॉ. रश्मि चंद्राकर को 16,152 मतों से हराया।



खल्लारी विधानसभा से कांग्रेसी विधायक एवं संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा की अलका चंद्राकर को 37,119 मतों से हराया।



बसना विधानसभा से भाजपा के संपत अग्रवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी वन विकास निगम के अध्यक्ष एवं तत्कालीन विधायक रहे देवेंद्र बहादुर सिंह को 36,793 मतों से हराया।



सरायपाली विधानसभा से कांग्रेस की चातुरी नंद ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा की सरला कोसरिया को 41,888 मतों से हराया।

## संक्रमण का अंदेशा: स्वाइन फ्लू के बाद सामने आया कोरोना का खतरा

# कई राज्यों में कोरोना के मामले बढ़ने के बाद जिले के अस्पतालों में भी हाई अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

चीन में फैली रहस्मयी बीमारी, स्वाइन फ्लू और अब केरल सहित देश के अन्य राज्यों में पैर पसार रहा कोरोना के नए वेरियंट को लेकर शासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। इन्फ्यूजेना स्वाइन फ्लू और तीव्र श्वसन फ्लू के प्रकरणों की सतत निगरानी करने को कहा है। साथ ही कोविड-19 के पर्याप्त जांच करने तथा उपकरणों की तैयारियां और दवाओं का स्टॉक रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा संक्रमण के प्रसार रोकने के लिए रेस्पिरेटरी हाईजिन और कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन किए जाने को कहा गया है।



बता दें कि पहले ही एन्फ्लुएंजा तथा स्वाइन फ्लू को लेकर मेडिकल कॉलेज अलर्ट मोड़ पर है। अब कोरोना का नया वेरिएंट एक बार फिर चुनौती दे रहा है। मेडिकल कॉलेज से कोरोना, एन्फ्लुएंजा तथा स्वाइन फ्लू तीनों के लक्षण लगभग एक ही समान ही रहते हैं। इसलिए जो मरीज यहां भर्ती हो रहे हैं केवल उन्हीं मरीजों की ये तीनों जांच कराई जा रही है। गाइडलाइन जारी होने के बाद अस्पताल पहुँचने वाले सामान्य मरीजों की भी तीनों प्रकार की जांच की जाएगी। अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार बीते कुछ माह से लोगों को हो रही सर्दी-खांसी जल्दी आराम नहीं हो पा रही है। एक बार सर्दी-खांसी होने के बाद 20 से 25 दिन आराम होने में लग रहे हैं। इधर ठंड की वजह से भी मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। चिकित्सकों के अनुसार स्वाइन फ्लू के वायरस को फैलने के लिए ठंड का मौसम अनुकूल रहता है। फलस्वरूप जिले में संभावित कोरोना स्वाइन फ्लू, इन्फ्लूएंजा के फैलाव को देखते हुए अलर्ट जारी कर दिया गया है।

### 150 ऑक्सीजन वाले बेड तैयार

कोरोना के नए वेरिएंट जेएन- 1, इंफ्लूएंजा तथा स्वाइन फ्लू की संभावनाओं को देखते हुए मेडिकल कॉलेज के सभी चिकित्सकीय उपकरणों को एक्टिव किया जा रहा है। यहां कोरोना काल के दौरान 55 बेड के डेडीकेटेड वार्ड हैं। जहां पर्याप्त साधन उपलब्ध हैं। हालांकि, फिलहाल सीजर आपरेशन वाले मरीजों को यहां पर रखा जा रहा है।

### ठंड के दिनों में रहते हैं वायरस सक्रिय

जिला अस्पताल के डॉ कुलवंत अजमानी ने बताया कि ठंड के दिनों में कोरोना, स्वाइन फ्लू तथा इन्फ्लूएंजा के वायरस और भी एक्टिव रहते हैं। फलस्वरूप अलर्ट किया गया है। ताकि, लोग भी बचकर रहे। भर्ती होने वाले मरीजों की जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, हमारे जिले में एक भी स्वाइन फ्लू, कोरोना तथा चीनी इन्फ्लूएंजा के एक भी मामले सामने नहीं आए हैं।



# महासमुंद ने धमतरी को 1 पारी और 102 रनों से हराया

**महासमुंद।** छग राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप तीन दिवसीय मैच के प्रथम मुकाबले में महासमुंद ने धमतरी को 1 पारी और 102 रनों से हरा कर सात अंक अर्जित कर लिए। मैच की शुरुआत में धमतरी अपनी पहले पारी में 86 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें महासमुंद की ओर से सुधांशु ने 5 प्रशांत के दो, हमीद के एक, नमन के एक विकेट शामिल थे। इसके बाद महासमुंद की टीम बल्लेबाजी के लिए उतरी और शानदार खेल दिखाते हुए 399 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। जिसमें कप्तान तुषार चंद्राकर के 113 रन अनुराग के 75 रन, तृपेश के 62 रन हमीद के 51 रन शामिल थे। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी धमतरी की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उनके टीम के खिलाड़ी ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए और 211 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें महासमुंद टीम की ओर से सुधांशु ने चार, नमन ने तीन, हमीद ने एक विकेट लिए। अब महासमुंद का अगला मुकाबला दल्लीराजहरा में कांकेर से 22 दिसंबर को होगा। इस जीत पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव विनोद शर्मा, अध्यक्ष शशांक मोघे, कोषाध्यक्ष सलीम कुरैशी, चयनकर्ता राजेश शर्मा, तुषार चौहान, दिनेश, आनंद कामदार, आलोक द्विवेदी एवं शैलेश शुक्ला ने हर्ष जताया है।

# बैतारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया शुभारंभ, शिक्षा विभाग का स्टॉल रहा आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

विकासखंड के ग्राम पंचायत बैतारी से हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कुमारी भास्कर अध्यक्ष जनपद पंचायत सरायपाली, अध्यक्षता ओंकारेश्वर सिंह एसडीएम सरायपाली तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्मेंद्र चौधरी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सरायपाली व पद्मा सागर जनपद सदस्य सहित विकासखंड नोडल अधिकारी सीईओ जनपद पंचायत सरायपाली, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी, बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ शुभारंभ किया गया। बाद शासकीय प्राथमिक शाला बैतारी के छात्रों ने स्वागत गीत व प्राथमिक शाला मुंधा के छात्रों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में सेजेस सरायपाली के छात्रों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में सरकार के 22 विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपने-अपने विभाग के स्टाल लगाकर हितग्राहियों को जानकारी देने के साथ-साथ उनके समस्याओं का समाधान कर रहे थे। इसमें शिक्षा विभाग का स्टाल आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेके रावल, डीएन दीवान साथ में सहायक शिक्षक योगेश कुमार साहू ने मुस्कान पुस्तकालय, जादुई पिटारा तथा शासकीय प्राथमिक शाला बैतारी के शिक्षक बालवाड़ी, टीएलएम एवं खेल-खेल में शिक्षा के बारे में जानकारी प्रदान किया।



इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन समुदाय के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, राजस्व विभाग द्वारा आय, जाति, निवास बनाकर, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार संबंधी विभिन्न जानकारी प्रदान कर रहे थे। कार्यक्रम में शामिल सभी छात्रों को अतिथियों द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी प्रदान किए गए। विकसित भारत रथ द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रदर्शन किया गया। साथ ही सभी विभाग के हितग्राहियों ने अपने-अपने अनुभव सुनाएं। पश्चात आयोजित आनलाइन क्विज प्रतियोगिता में पांच प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें योगेश साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शैलेंद्र नायक द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम पोषण योजना, मुफ्त खाद्यान्न वितरण योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, स्टार्टअप इंडिया, दीनदयाल अंत्योदय योजना, हर घर नल योजना, आजीविका मिशन योजना, नैनो यूरिया योजना आदि योजना पर विस्तृत जानकारी दी गई।



### बम्हनी में गृह संपर्क अभियान 1 जनवरी से

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी के गृह संपर्क अभियान समिति की बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या मे होने वाले राम जन्म भूमि के प्राण–प्रतिष्ठा के दिन गांव में भी हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। रामेश्वर पांडेय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि गांव मे सुबह 11 बजे से लेकर 1 बजे तक अयोध्या मे होने वाले प्राण–प्रतिष्ठा का प्रसारण को दिखाया जाएगा एवं राम मंदिर में पूजा होगी। वहीं एक दिन पूर्व जय दुर्गा लीला मानस मंडली के सदस्यों द्वारा रामायण का जीवित झांकी की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में बताया गया कि 1 जनवरी से 5 जनवरी तक अयोध्या से आए हुये अक्षत के साथ आमंत्रण पत्र का पूरे गांव मे वितरण करना तय किया गया है। उक्त बैठक में खेलावन यादव, गिरीद साहू, केशो साहू, पुरूषोत्तम साहू, राजू साहू, नेतराम साहू, यादु साहू, भारत साहू, मोहन यादव, लल्लु पाल एवं गृह संपर्क अभियान समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

# अध्यात्मिक भ्रमण के लिए दलदली पहुंचे वृद्धजन

## विभिन्न खेलकूद में लिया हिस्सा, महादेव और गौमुख कुंड का किया दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के दलदली मार्ग स्थित वृध्दाश्रम में निवासरत दादा-दादियों को आध्यात्मिक भ्रमण के लिए मंगलवार को दलदली स्थित शिवालय दर्शनार्थ ले जाया गया। इस दौरान वरिष्ठजनों ने विभिन्न खेलकूद में हिस्सा लिया और दलदली स्थित महादेव और गौ मुख कुंड का दर्शन किया। जिसका वृध्दजनों ने जमकर लुत्फ उठाया।

समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक संगीता सिंह के मार्गदर्शन में भ्रमण के दौरान मौजूद संस्था प्रमुख मनोज साहू ने बताया कि घर परिवार से से दूर और अलग रह रहे वरिष्ठजनों को यह एक विशिष्ट परिवेश प्रदान किए जाने का प्रथम प्रयास रहा। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में समाज कल्याण विभाग के सानिध्य में संचालित वृध्दाश्रम के दादा-दादियों को जिले की पुरातात्विक धरोहर से अवगत कराने पुरा नगरी सिरपुर भ्रमण पर ले जाने की रुपरेखा तैयार की जा रही है। वरिष्ठजनों के जलपान की व्यवस्था आशियाना स्टाफ द्वारा की गई थी। साथ ही दलदली जाने और वापसी लौटने के लिए मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों राजू चंद्राकर, डॉ जितेंद्र शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, डॉ एजाज नकवी, राजेंद्र चंद्राकर, मनोज पटेल, मोहन बावनकर, फगवा पटेल, विजय सेन, गुमानचंद जैन, संजय साहू आदि सदस्यों द्वारा वाहन व्यवस्था प्रदान की गई थी। संस्था प्रमुख मनोज साहू के अलावा खेमचंद जंजीर, उदय साहू सहित आशियाना स्टाफ में प्रभारी उषा साहू, कुंजन ठाकुर, नीलम शर्मा, मनीषा बघेल, रेनू रात्रे, वर्षा श्रीवास्तव, जयमाला मौजूद रहे।





### तुमगांव में 1.25 करोड़ की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के हृदय स्थल, नगरकी कुलदेवी मां शीतला मंदिर परिसर, गोड़ धोवा तालाब परिसर का सौंदर्यीकरण, गहरीकरण, घाट निर्माण तथा वार्ड नं 05-06 में स्थित गोविंदा तालाब का सौंदर्यीकरण गहरीकरण घाट निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। सभी निर्माण कार्यों की लागत करीब 1 करोड़ 25 लाख रुपए है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, जय मां शीतला आधार युवा शक्ति प्रमुख व पार्षद धर्मेंद्र यादव, वार्ड नं 05 के पार्षद प्रतिनिधि लक्ष्मण पटेल, राकेश तिवारी, पप्पू शर्मा, टेपण पटेल, संतोष पटेल, राधे धीवर, पूरण धीवर, धनी साहू, भुनेश्वर साहू, हेमंत धीवर, मनोहर पटेल, रामचंद्र पटेल, नरेंद्र साहू, उत्तम ध्रुव आदि मौजूद रहे।

# शैक्षणिक भ्रमण के लिए कृषि विवि पहुंचे शेर स्कूल के विद्यार्थी




**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर के व्यावसायिक कृषि संकाय के विद्यार्थियों को प्राचार्य एसबी लाल के अनुमति से कृषि प्रशिक्षक डीके सोनी के मार्गदर्शन में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर शैक्षणिक भ्रमण के लिए ले जाया गया। जहां जैव एजेंट कृषि में उपयोगी लाभदायक किसान मित्र कीट के उत्पादन केंद्र और उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी प्राप्त की। पश्चात जैव उर्वरक व मशरूम उत्पादन, टिशु कल्चर लैब, धान की जैव विविधता पर बच्चों ने धान की 23250 किस्म का निरीक्षण किया, जो की बहुत ही आश्चर्यजनक था। कृषि से संबंधित ज्ञान में वृद्धि के लिए परिसर में स्थित कृषि संग्रहालय का अवलोकन किया, जहां बच्चों ने जीवंत रूप में कृषि के सूक्ष्म जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण कार्यक्रम में शिक्षिका मधुमति डहरिया एवं मोनिका मोंगरे, टी देवांगन, रोहित मिश्रा, डी क्षत्रे, शोभा दीवान, रिचा पटेल, हितेंद्र शर्मा, ताम्रकार, रेणुका शर्मा, तांडेकर, आशा सिन्हा आदि शिक्षकों ने बच्चों को सहयोग प्रदान किया। अर्पित मीनाक्षी प्रिया, रितु, हिमांशु, पुरोहित, मनीषा, आलोक आदि विद्यार्थियों ने भ्रमण का आनंद लिया। विद्यालय के शिक्षक दीपक शर्मा ने उक्त जानकारी दी।

# छग में भाजपा सरकार, 15वें वित्त की राशि का दुरुपयोग रोके : विश्वजीत

**महासमुंद।** छग प्रदेश में भाजपा की सरकार में मुख्यमंत्री के शपथ लेते ही केंद्र सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों की मूलभूत, अधोसंरचना स्वच्छता से संबधित कार्यों के लिए जारी 15वें वित्त राशि का दुरुपयोग किए जाने का आरोप पूर्व जनपद सदस्य विश्वजीत बेहरा ने लगाया है।

बेहरा का कहना है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के नाम पर प्रशासनिक दबाववश ग्राम पंचायतों के माध्यम से मोदी प्रचार का कार्य प्रदेश स्तर पर जारी हो चुका है। जिला स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर के अधिकारी कमीशनखोरी के लिए नए-नए पैंतरे आजमाने लगे है। क्षेत्र के लगभग सभी ग्राम पंचायतों में टेंट हाउस उपलब्ध है। किंतु, पूरे



विकासखंड में दो चार टेंट हाउस वालों को ही अप्रत्यक्ष ठेका देकर कार्य करवाए जा रहे है, जिससे संबंधित ग्राम पंचायतों के क्षेत्र में उपलब्ध टेंट हाउस का हक मारी जा रही है। कमीशनखोरी और ओवर बिलिंग का खेल की शुरुआत प्रारंभ हो चुकी है।

ज्ञात हो कि इसके पहले भी जब 15 साल बीजेपी की सरकार थी, 14वे वित्त राशि का खुद की सभा और प्रचार में लगा कर भ्रष्टाचार और दुरुपयोग किया गया था। आज फिर भाजपा की कुदृष्टि ग्राम पंचायतों की राशि में लग चुकी है। जब भाजपा विपक्ष में थी तो आवाज बहुत जोर शोर से उठाती थी। आज भाजपा एक सोची समझी रणनीति के तहत प्रशासनिक अधिकारियों का उपयोग कर पंचायतों को कमीशनखोरी और प्रचार-प्रसार का संस्था मान कर कार्य को अंजाम दे रही है।

### शिक्षा के प्रति जागरुक रहने व नशाखोरी से दूर रहने किया प्रेरित

**महासमुंद।** स्कूल, कॉलेजों में लगातार साइबर अपराध एवं बालक बालिकाओं, महिला अधिकार संबंधी विषयों पर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरेपुंजे एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सारिका वैद्य के मार्गदर्शन में आरटीसी बैंक आफ बड़ौदा प्रशिक्षण सेंटर में साइबर क्राइम जागरुकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें महिला प्रधान आरक्षक सुचित्रा विदानी बीएड, डीएड के छात्र-छात्राओं को साइबर जानकारी व सीआईआर पोर्टल साइबर.जीओवी.इन के माध्यम से गुम या चोरी हुए मोबाइल को आसानी से ट्रेस करने /शिकायत दर्ज संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। अपराध संबंधित जानकारी भी दी गई। महिला आरक्षक अन्नू भोई एवं विशेष आरक्षक मनोज डड़सेना द्वारा शिक्षा के प्रति जागरुक, नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला, बालक बालिकाओं के साथ अपराध घटित होने पर आरोपी के खिलाफ सबूत इकट्ठा कर तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं। बिना किसी डर के स्थानीय पुलिस में अपनी बात रखें। प्राचार्य डॉ एस चंद्राकर एवं उपस्थित शिक्षकों ने अपने विचार रखें।

## खबर संक्षेप



### बिरकोनी में गीता जयंती कल

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी स्थित रामजानकी मंदिर में 22 दिसंबर शुक्रवार को गीता जयंती का आयोजन किया गया हैं। जिसका शुभारंभ प्रातः 11 बजे किया जाएगा। दोपहर को भक्तों द्वारा गीता का पठन-पाठन होगा। शाम 6 बजे गीता के महात्म्य पर संबोधन पश्चात पूजा आरती होगी। सनातन वैदिक धर्म समिति के सदस्यों ने धर्म संस्कृति के गौरवशाली क्षण में सहभागी बनने की अपील की है।

### लोकसभा चुनाव में जुटे भाजपाई

**पटेवा।** पटेवा क्षेत्र के भाजपा नेता सुनील पटेल एवं विकास अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पतई माता मंदिर प्रांगण में भाजपा की शानदार एवं दमदार तरीके से जीत होने पर समस्त कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिसमें रविशंकर पैकरा, नागदेव साहू, चंद्रशेखर पटेल, संपत पटेल, मनोहर साहू, धीरेंद्र गिरी एवं सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। आने वाले लोकसभा चुनाव में भी इसी तरह एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## योजना : गांव-गांव पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

# जागरुकता रथ से किया जा रहा योजनाओं का प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में निर्धारित रूट के अनुसार

- शिविर में पात्र ग्रामीणों से योजनाओं के आवेदन लिए जा रहे, स्वास्थ्य शिविर का हो रहा आयोजन
- महासमुंद जनपद के ग्राम पंचायत बेलसोंडा और घोड़ारी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव में पहुंच रही है। विभिन्न ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया जा रहा। यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। विभिन्न योजनाओं के पात्रता धारियों के आवेदन की प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है। सभी जगह जागरुकता रथ के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी एवं प्रधानमंत्री का संदेश बताया गया। ग्रामीणों को विभागवार योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी विभाग के अधिकारीगण एवं मैदानी अमले द्वारा प्रदान की गई। ग्राम स्तर पर ग्रामीणों में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के आगमन को लेकर खासा उत्साह नजर आया।

जनपद पंचायत महासमुंद के ग्राम पंचायत बेलसोंडा में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि पवन पटेल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को यात्रा के महत्व की जानकारी देते हुए केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मुन्ना साहू सर्व समाज अध्यक्ष ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योजनाओं की जानकारी देते हुए यात्रा के महत्व पर प्रकाश डाला। ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को ग्रामीणों के बीच वर्णन करने के लिए हम आपके बीच विकसित भारत संकल्प यात्रा आई है। इसमें हम सबको जागरूक होकर योजनाओं का लाभ उठाना है। शिविर स्थलों पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, आजीविका मिशन के समूह से जुड़ी महिलाएं, स्कूली विद्यार्थी, युवा, सहित ग्रामीण महिलाओं एवं पुरुषों एवं बुजुर्गों ने पूरे उत्साह से सहभागिता की। शिविर में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल कनेक्शन के हितग्राही त्रिवेणी, सावित्री ने अपने अनुभव साझा किए। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ईश्वर यादव, पुन्नी यादव एवं भीष्मति साहू ने मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत अपने विचार रखे। इसी तरह प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत भुनेश्वरी कोसले व लता चंद्राकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शिविर स्थल में महिला एवं बाल विकास अंतर्गत मीना साहू, ललिता सेन एवं अन्नपूर्णा यादव का गोद भराई रस्म किया गया। साथ ही तीन बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। यात्रा के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार, स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण आदि किया जा रहा। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, हितग्राही गण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। विकासखंड के ग्राम पंचायत घोड़ारी में भी संकल्प यात्रा पहुंची। इसके अलावा जिले के अन्य विकासखंडों में निर्धारित रूट के अनुसार शिविर का आयोजन किया गया।

## त्रिभुवन ने वार्ड 15 में किया बोर खनन के लिए भूमिपूजन



**महासमुंद।** शहर के वार्ड 15 में बुधवार को पूर्व नपा उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेता त्रिभुवन महिलांग के मुख्य आतिथ्य में बोर खनन के लिए भूमिपूजन किया गया। उनके द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात बोर खनन का कार्य प्रारंभ हुआ। उन्होंने कहा कि वार्ड 15 में बोर खनन के बाद नागरिकों की पेय जलापूर्ति की व्यवस्था में और वृद्धि होगी और नागरिकों इसका सीधा लाभ मिलेगा। भूमिपूजन के दौरान वार्ड की ललिता बाई, त्रिवेणी साहू, सोनारिन बाई, वेद बाई साहू, रेखा साहू, यशोदा चौबे, रजनी ओसर और मोनू राजपूत समेत बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में विकसित भारत 2047 के थीम पर विभिन्न प्रतियोगिता हुई

**सरायपाली।** रामचंडी महाविद्यालय में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के विभिन्न विषयों जैसे निबंध, अल्पना, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी भरत प्रधान के मार्गदर्शन में हुआ। अल्पना प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हर्षिता साहू, सिंधु साहू, तेजस्विनी साहू तथा द्वितीय स्थान पर नीलांद्री, मनीषा, सुमन, उमेश साहू रहे। रंगोली में प्रथम स्थान पर यशवंती, पूजा साहू, पार्वती सिदार, रोजी बारीक, हीरामोती तथा द्वितीय स्थान निकिता, कल्याणी, खिलेश्वरी व तृतीय स्थान पर हेमलता नायक, नेहा नायक रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य निर्णायक प्राचार्य डॉ एनके भोई, संचालक सतीशचंद्र साहू, प्रदीप बारीक, आरएस मांझी, डी नायक, सपन दास, गोवर्धन यादव, रजनी प्रधान, लव कुमार पटेल, संजना प्रधान, डॉ शबनम खातुन, नीलिमा प्रधान, सुनील पटेल, प्रवेश प्रधान एवं समस्त प्राध्यापकों का योगदान रहा।



## विष्णु सरकार में प्रदेश की महिलाएं होंगी सशक्त व आत्मनिर्भर : प्रमोद



**सरायपाली।** महिलाओं को सशक्त व आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने मोदी सरकार सतत प्रयास कर रही है। जिससे सभी महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। भाजपा मंडल महामंत्री प्रमोद कुमार सागर ने कहा कि इसी कड़ी में अब महिलाओं के लिए लखपति दीदी, ड्रोन दीदी योजना के तहत महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह योजना किसानों को खेती किसानी को लेकर सहूलियत प्रदान करने की मंशा से लाई गई है। ड्रोन का संचालन स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं करेंगी। इसके लिए जगह-जगह महिला ड्रोन केंद्र खोले जाएंगे। इस योजना के तहत ड्रोन्स की मदद से फसलों को बचाने के लिए उर्वरकों, कीटनाशकों का छिड़काव और सर्वे का काम किया जाएगा। साथ ही इसकी मदद से खेतों में बीज भी डाला जा सकेगा। सरकार अगले तीन वर्षों के दौरान देश भर की महिला स्वसहायता समूहों को 15 हजार ड्रोन उपलब्ध कराएगी। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को ड्रोन उड़ाने और उपयोग करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस योजना में दो करोड़ महिलाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण शामिल है।

आगे सागर ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने कई योजनाएं चला रही है। जिनमें हाल ही में भाजपा द्वारा घोषणा पत्र में महतारी वंदन योजना चलाने का वादा किया है, जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा साकार किया जाएगा, जिससे महिलाओं को आर्थिक लाभ पहुंचाया जाएगा। उज्वल्ला योजना महिलाओं को धुएं व बीमारियों से राहत पहुंचा रही है। महिला आरक्षण बिल पास कराकर महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्रों में बढ़ाई जा रही है। बेटी बचाव, बेटी पढ़ाओ योजना महिलाओं व युवतियों को शिक्षित व अपराधों से बचाने में कारगर साबित हुई है। सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, फ्री सिलाई मशीन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, सुकन्या समृद्धि योजना जैसे कई योजनाओं से महिलाओं के हितों की रक्षा मोदी सरकार द्वारा की जा रही है। इसी कड़ी में अब राज्य की भाजपा सरकार भी आगे बढ़ रही है। भाजपा सबका साथ सबका विकास के उद्देश्य से कार्य करती है। इसमें महिलाओं की बराबर भागीदारी सुनिश्चित किया जा रहा है। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण योजना महतारी वंदन योजना छग की महिलाओं के लिए कारगर साबित होगा।

## जिले में शासकीय योजनाओं से संबंधित प्रकरणों को तत्काल स्वीकृति प्रदान करें बैंकर्स : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैंकों के कामकाज से संबंधित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं रिव्यू समिति की बैठक में कलेक्टर प्रभात मलिक ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को आवश्यकता अनुसार आसान और सरलीकृत तरीके से ऋण उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को शिक्षा लोन, किसानों को केसीसी लोन, छोटे व्यवसायियों के लिए मुद्रा एवं शासकीय विभागों द्वारा संचालित लोन को अविलंब स्वीकृति दें। कलेक्टर ने जिले के बैंकों की कामकाज के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक साहू, जिला अग्रणी बैंक मैनेजर मनीष दास एवं जिले के अन्य बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

कलेक्टर मलिक ने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार बैंकों को नकद जमा अनुपात 60 प्रतिशत तक रखना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि हितग्राहियों को उनके आवश्यकता और जरूरत के अनुसार आसानी से लोन उपलब्ध कराने में बैंकर्स सहयोग करें। जिला सहकारी बैंक एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक को अधिक से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान शासकीय योजनाओं की समीक्षा में राज्य शहरी विकास अधिकरण के तहत पीएम स्वनिधि योजना में लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत हितग्राहियों को क्लेम दिलाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व पशुपालन, मछली पालन, अंत्यावसायी, ग्रामोद्योग विभागों के प्रकरण के त्वरित निराकरण के संबंध में निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि जिन हितग्राहियों को मुद्रा लोन के माध्यम से ऋण दिए जा रहे हैं उन्हें मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अथवा अंत्यावसायी से भी लाभान्वित करें। कलेक्टर ने कहा कि ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स मीटिंग में भी बैंक मैनेजर अनिवार्य रूप से उपस्थित हो। उन्होंने बचत खातों में आधार और मोबाइल सीडिंग व रूपे कार्ड वितरण की प्रगति की समीक्षा की।



### अज्ञात कारण से एक मौत

**महासमुंद।** जिला अस्पताल महासमुंद में इलाज के दौरान विष्णु गाड़ा पिता मनराखन गाड़ा (40 साल) बेमचा निवासी की मौत हो गई। मौत का कारण अज्ञात है। इस मामले में पुलिस ने अस्पताल के मेमो के आधार पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण



**सरायपाली।** जवाहर नवोदय विद्यालय छिंदपाली के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ एचएल जांगड़े (बीएमओ) एवं स्वास्थ्य टीम द्वारा किया गया। जिसमें 39 बच्चे सामान्य सर्दी, बुखार से पीड़ित पाए गए। सभी बीमार बच्चों का उपचार विद्यालय में ही किया गया। इस कार्य में प्रशांत जी रहाटे प्रिंसिपल, लोकनाथ कैवर्त्य वाइस प्रिंसिपल, एम बेहेरा इत्यादि स्टॉफ का विशेष सहयोग मिला। उपरोक्त जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टीआर धृतलहरे ने दी।

# धनेश्वरी को मिली कच्चे और जर्जर मकान से मुक्ति

## प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत महिला को मिला नया आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम गड़बेड़ा की धनेश्वरी साहू जिले के अन्य लाभार्थियों की तरह प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी है।

ग्राम पंचायत गड़बेड़ा जनपद पंचायत पिथौरा अंतर्गत जिला महासमुंद मुख्यालय से 55 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। वह बताती है कि कच्चे और जर्जर युक्त मकान में उनका जीवन बहुत ही कठिनाई से भरा रहा। परंतु प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत धनेश्वरी साहू को 2016-17 में आवास स्वीकृति दी गई।

स्वीकृति के बाद प्रथम किस्त की राशि 48000 रुपए एफटीओ के माध्यम से खाते में अंतरित की गई, जिसके तुरंत बाद उन्होंने आवास निर्माण कार्य प्रारंभ किया। 4 नवंबर 2017 को लेंटर लेवल तक का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ एवं दूसरे किस्त की राशि 48000 रुपए एफटीओ के माध्यम से खाते में अंतरित की गई इस राशि का उपयोग कर आवास निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया। जिसके कुछ दिन के बाद अंतिम क़िस्त 24000 रुपए एफटीओ के माध्यम से खाते में अंतरित की गई। आवास निर्माण के साथ साथ धनेश्वरी के घर में राजमिस्त्री प्रशिक्षण भी दिया गया। इस तरह प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत कुल 120000 रुपए एवं मनरेगा से 90 दिवस की मजदूरी भुगतान की प्राप्ति उसे हुई। इस तरह आवास निर्माण पूर्ण हुआ और धनेश्वरी साहू के जीवन स्तर में भी सुधार आया। धनेश्वरी साहू अत्यंत गरीब स्तर से अपना जीवन यापन कर रही थी, जिसे सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से आवास निर्माण का लाभ मिला, जिससे उसके जीवन स्तर में सुधार हुआ।



उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले के 60759 हितग्राही खुशी और सम्मान पूर्वक योजना के तहत निर्मित आवासों में रह रहे हैं। जिले में योजना अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक कुल 73266 आवास स्वीकृत किए गए है। जिसमें से आज तक 60759 आवास पूर्ण एवं 12507 आवास प्रगतिरत है। इसमें से प्रथम किस्त की राशि फरवरी 2023 में जारी किया गया है।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

## मोदी सरकार ने दलीय राजनीति से ऊपर उठकर किया छत्तीसगढ़ राज्य का विकास : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने व लोगों को तत्काल योजनाओं से लाभ पहुंचाने के लिए शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा को सरकार द्वारा जनहित में उठाए गए बेहतर कदम बताया है।

चंद्राकर ने कहा कि पिछले 9 सालों तक केंद्र की मोदी सरकार ने पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ का दलीय राजनीति से परे बिना भेदभाव के भरपूर विकास किया। लेकिन, पिछले 5 सालों में छग का जो विकास होना था वह कांग्रेस सरकार की विकास विरोधी मानसिकता व हस्तक्षेप के कारण अपेक्षाकृत नहीं हो पाया। वर्तमान में जनता ने सेवा, सुशासन के लिए भाजपा को राज्य में चुना है, जो निश्चित ही जनआकांक्षाओं पर खरा उतरेगा। नवनिर्वाचित भाजपा सरकार शीघ्र ही संकल्प पत्र के सभी वादों को पूरा करेगी। इसका शुभारंभ 25 दिसंबर को सुशासन दिवस पर 2016-17 तथा 2017-18 के दो साल का बोनस किसानों को देकर किया जा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी और लोगों को मौके पर लाभ देने के लिए पूरे छत्तीसगढ़ सहित अब महासमुंद जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा के माध्यम से जहां गांव-गांव में लोगों को सरकारी विभाग के अधिकारियों के द्वारा केंद्रीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही कई योजनाओं का लाभ भी आमजन को दिया जा रहा है। विधानसभा के हर गांव में भी इस यात्रा का आयोजन होगा। इस यात्रा के लिए ग्रामीण इलाकों में लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया जिले के लाखों परिवारों को केंद्र की भाजपा सरकार की किसी न किसी योजना का जरूर लाभ मिला है। इसके अलावा जो अब तक केंद्र सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए। उन्हें भी जोड़ने का काम इस यात्रा में किया जा रहा।



चंद्राकर ने बताया कि इस यात्रा में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जीवन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, हर घर नल-जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित सिकलसेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकार पट्टा, व्यक्तिगत एवं सामूहिक वन धन विकास केंद्र आदि योजनाओं के हितग्राही संकल्प यात्रा में शामिल कर अनुभव साझा करेंगे।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**



## खरोरा में मनाया गया मानव एकता दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस पर एक साथ एकता दिखाई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, लक्ष्मी चंद्राकर, पांचोंबाई चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि एकता दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच एकजुटता के महत्त्व को बताने के लिए, गरीबी पर अंकुश लगाना और विकासशील देशों में मानव और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। मानव एकता दिवस हर साल 20 सितंबर को मनाया जाता है।



## कोसरंगी में दत्तात्रेय प्राकट्योत्सव 25 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा 25 दिसंबर सोमवार को अपराह्न 2 बजे ग्राम कोसरंगी स्थित गोस्वामी समाज भवन में दत्तात्रेय प्राकट्योत्सव पर पूजा- अर्चना का कार्यक्रम किया जाएगा। समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि इसके अगले दिन 26 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से राजिम स्थित दत्तात्रेय मंदिर में प्रांत स्तरीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि सांसद चुन्नीलाल साहू और विशेष अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती व प्रांतीय अध्यक्ष अशोक गिरि होंगे। उपरोक्त दोनों कार्यक्रमों में समाज के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

## सात दिवसीय आध्यात्मिक गीता प्रवचन कल से

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 22 से 28 दिसंबर तक सात दिवसीय आध्यात्मिक गीता प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति ने बताया कि नगरवासियों के विषेश आग्रह पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आध्यात्मिक गीता प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें सिवनी मध्यप्रदेश से आध्यात्मिक गीता प्रवचन विशेषज्ञ राजयोगिनी ब्रम्हा कुमारी शानू दीदी को आमंत्रित किया गया है। जिसमें तनाव मुक्ति शिविर एवं गीता प्रवचन संध्या 6:30 से 8:30 बजे तक होगा। बच्चे, युवा, बुजुर्गों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सुबह के सत्र में म्यूजिकल एक्सरसाइज का भी लाभ लिया जा सकेगा। 29 दिसंबर से 4 जनवरी 2024 तक संस्थान में चरित्र निर्माण के लिए सिखाए जाने वाला राजयोग अनुभूति शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है।

### बैठक : 25 दिसंबर को सुशासन दिवस की तैयारी के दिए निर्देश

# संकल्प यात्रा में हितग्राहियों को लाभ देने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर प्रभात मलिक ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में समीक्षा की। साथ ही 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाने के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में लगाए जा रहे शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को लाभ देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, केसीसी, उज्ज्वला गैस, पेंशन, राजस्व एवं श्रम विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का मौके पर ही लाभ देना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने शिविर में लगाए गए स्टॉल में लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी निर्धारित पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य योजनाओं की प्रभावी तरीके से जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही उसका जरूरतमंदों को लाभ देने के लिए है।

कलेक्टर मलिक ने आयुष्मान कार्ड अंतर्गत ग्राम पंचायतवार सूची बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह किसान क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, उज्ज्वला गैस योजनाओं का भी ग्राम पंचायतवार सूची के अनुरूप हितग्राहियों को चिन्हांकित कर उन्हें लाभ देना सुनिश्चित करें। सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इस आशय का प्रमाण पत्र देना होगा कि संबंधित ग्राम पंचायत में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं हैं। इसी तरह टीबी, सिकल सेल और एनीमिया जांच के लिए शिविर स्थल में ही सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं।

उन्होंने कहा कि शिविर में अधिक से अधिक मरीजों की जांच की जाए। राजस्व अधिकारियों को प्रत्येक शिविर में पटवारी एवं आरआई की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिविर में ही सीमांकन, नक्शा बटांकन, खसरों का डिजिटल सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं।

### बैठक में लंबित प्रकरणों को तत्काल निराकरण करने के दिए निर्देश

श्रम विभाग को अधिक से अधिक श्रमिक कार्ड बनाने कहा गया है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत भी हितग्राहियों को आवेदन कर लाभ देने कहा गया है। वहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगे शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हितग्राहियों के विचार को साझा करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा कलेक्टर ने 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाने के लिए शासन के निर्देशानुसार आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायत में निर्मित अटल चौक की साफ-सफाई सहित पोताई की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन दिवस का कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगा। जहां सुशासन के लिए सामूहिक संकल्प लिया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक नगरीय निकायों में भी सुशासन दिवस मनाने के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रकों की समीक्षा भी की और लंबित प्रकरणों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य नगर पालिका महासमुंद को शासकीय आवास में रह रहे सभी अधिकारी-कर्मचारियों से जल कर अनिवार्य रूप से लेने के निर्देश दिए। साथ ही शासकीय विभागों से भी साफ-सफाई व कचरा कलेक्शन का यूजर्स चार्ज लेने कहा गया है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा व निर्भय साहू, एसडीएम उमेश साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। अनुविभागीय एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े थे।



## खुर्सीपार में विकास कार्यों का विधायक द्वारिकाधीश ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खुर्सीपार में

- 5 लाख में सामुदायिक भवन व 2.60 लाख की लागत से होगा सीसी रोड का निर्माण

5 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन व 2.60 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन कार्यक्रम पूर्व संसदीय सचिव व खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव ने बीते दिनों किया। साथ ही गांव में चक्रधारी समाज के विशेष वार्षिक पूजन कुराल पूजा में भी विधायक यादव ने शिरकत की। अध्यक्षता सरपंच दिलीप ने की। विशेष अतिथि रामेश्वर चक्रधारी सेक्टर प्रभारी, प्रीतम साहू, नोहर चक्रधारी, देवनाथ देवांगन विराजमान रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम देवी देवताओं की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों तथा विधायक द्वारकाधीश यादव ने भूमिपूजन किया। पूजन के पश्चात कुंभकार समाज द्वारा आयोजित कुराल पूजा में भी विधायक यादव ने शिरकत की। इस अवसर पर विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि कुंभकार समाज भगवान विष्णु के वंशज हैं। प्रतिवर्ष पूर्ण निष्ठा सामाजिक परंपरा का निर्वाह करते हुए भगवान विष्णु के वार्षिक पूजन महोत्सव जिसे कुराल पूजा कहा जाता है इसका आयोजन करते आ रहे हैं, जिससे क्षेत्र में पूर्व की भांति ही सुख समृद्धि व्याप्त है। छत्तीसगढ़ की प्राचीन परंपरा से लेकर आजपर्यंत तक मनाए जाने वाले सभी तीज त्योहार में उपयोग होने वाली मिट्टी से बनी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराते हुए यह कुंभकार समाज अपनी परंपरा और दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। जिसके चलते यह धन्यवाद के पात्र हैं। इस अवसर पर शिव उपाध्याय, मूलचंद चक्रधारी, गंभीर चक्रधारी, अग्नु निषाद, भीम चक्रधारी, वासु चक्रधारी, महिला स्वयं सहायता समूह के पदाधिकारी व सदस्यगण सहित कुंभकार समाज के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हुए पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## शराब की अवैध बिक्री पर कार्रवाई को लेकर चर्चा



**महासमुंद।** महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में खुलेआम बिक रहे अवैध शराब पर कार्रवाई को लेकर सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू, आबकारी विभाग सांसद प्रतिनिधि पवन साहू ने जिला आबकारी अधिकारी से मिलकर चर्चा की। भाजपा नेता मोहन साहू और पवन साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि गांव गांव में आज भी अवैध शराब खुलेआम बिक रही है। शराब कोचियों को किसी का कोई डर नहीं। साहू ने आगे बताया कि शराब दुकान सरकारी होने के बावजूद शराब माफिया शराब दुकान से पेटी-पेटी शराब निकाल कर गांव-गांव गली-गली पहुंचा रहे है। जिसके कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आबकारी विभाग द्वारा टीम गठित कर छापामार कार्रवाई करें और शराब माफियाओं, शराब कोचियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करें।

## गुरु घासीदास बाबा के संदेश से ही समाज का उत्थान संभव : महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वार्ड नंबर 11 में गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई। सफरा माता समिति द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रतिनिधि के रूप में पार्षद महेंद्र जैन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पार्षद मीना वर्मा, राजेंद्र चंद्राकर, अरविंद प्रहरे, सीता टोंडेकर, टोमन सिंह कागजी एवं ग्राम खैरा के सतनाम गुरु राजेंद्र रात्रे उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि महेंद्र जैन द्वारा जैतखाम में पालो चढ़ाने का कार्य पूरा किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के आसंदी से समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे छत्तीसगढ़ में बाबा गुरु घासीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। बाबा गुरु घासीदास सतनाम समाज के गुरु नहीं थे, बल्कि वह पूरे छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्र के सभी समाज के गुरु थे। बाबा गुरु घासीदास ने जो संदेश छत्तीसगढ़ वासियों को दिया है उनके संदेश पर अमल करना हम सभी का दायित्व है और उनके संदेश से ही समाज और छत्तीसगढ़ वासियों का उत्थान संभव है। बाबा गुरु घासीदास सत्य अहिंसा के उपासक थे। नशा मुक्ति उनके जीवन का मूल मंत्र था और हम सब का यह दायित्व बनता है कि बाबा गुरु घासीदास के बताएं मार्गों पर हम चलने का प्रयास करें। इस छत्तीसगढ़ से नशामुक्ति के लिए हम सभी एक अभियान चलाने का प्रयास करें। यही बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाने का उद्देश्य पूरा हो पाएगा। कार्यक्रम को पार्षद मीना वर्मा, राजेंद्र चंद्राकर, टोमन सिंह कागजी ने भी संबोधित किया। अंत में बाबा गुरु घासीदास की जीवंत झांकी निकाली गई।



## ठंडी हवाओं से रात में पड़ रही कड़ाके की ठंड

**नर्रा।** इन दिनों रात को कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बताया जाता है कि रात में ठंडी हवाएं तथा दिन में भी चलने लगी है। क्षेत्र में कंपकंपी जैसे ठंड लगने से लोग दिन में भी जैकेट पहने नजर आ रहे हैं। वही दिनभर धूप लोगों को भा रही है। ठंड की वजह से रात में सड़कें वीरान हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में ठंड की वजह से शाम होते ही लोग घर में दुबक रहे हैं। ठिठुरन जैसे ठंड से बचने शाल, टोपी, स्वेटर, जैकेट कंबल का उपयोग कर रहे है। ग्रामीणजन ठंड के चलते बुधवार सुबह ग्राम कोकड़ी सहित क्षेत्र के गांवों में लकड़ी अंगेठा जलाकर अलाव का सहारा ले लेते रहे।

## बाबा की जयंती समारोह में सम्मिलित हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लिटियादादर में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विधायक द्वारिकाधीश यादव का ग्रामीणजनों ने स्वागत किया गया। विधायक यादव व उपस्थित अतिथियों ने संत गुरु बाबा घासीदास व जैतखंभ की पूजा अर्चना की गई।



इस समारोह में पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव ने सतनामी समाज के संस्थापक व आराध्य संत गुरु बाबा घासीदास की शिक्षा व उपदेशों पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। यादव ने बताया कि गुरु घासीदास पहले ऐसे संत है जिन्होंने पूरी दुनिया को मानवता का संदेश देते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति एक समान है। और उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों का भी मुखर होकर विरोध किया, जिसके चलते आज समाज में समानता और सामंजस्य दिखाई दे रही है। संत गुरु बाबा घासीदास ने सत्य अहिंसा का एक ऐसा मार्ग जनता के लिए प्रशस्त किए, जिस पर चलकर आज देश दुनिया में शांति और मानसिक सुख व्याप्त है। विधायक यादव ने कहा कि पूर्व की भांति ही इस बार के भी विधानसभा चुनाव में आप जनता जनार्दन का मुझे भरपूर आशीर्वाद मिला और 37000 से अधिक मतों के साथ अपने फिर से एक बार मुझे आप सभी की सेवा का जो मौका दिया है। उन्होनें कहा कि पूर्व की ही भांति मैं आप लोगों की पूरी निष्ठा के साथ सेवा करते हुए आपके विश्वास पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस अवसर पर सरपंच हेमंत सिन्हा, ओमप्रकाश चंद्राकर, कुंज आडिल, ठाकुर राम बाघमारे, फागु दास घनाराम डहरिया, भगवानी बंजारे, टेकचंद, तेजन, नंदकुमार कोसरिया, धनुष कोसरिया, गोपी आडिल, तनु राम सिन्हा, खेमराज सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### तुमगांव में गुरु घासीदास जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

**महासमंद।** नगर पंचायत तुमगांव में सतनामी समाज द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती महोत्सव बड़े धूमधाम



से मनाई गई। जिसमें सर्व समाज के लोग व नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर में सतनामी समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सतनाम पंथ के कलाकारों द्वारा पूरे नगर में पंथी नृत्य कर डीजे धुन में सभी लोग जय सतनाम के नारे लगाते हुए सत्य के प्रतीक सादा झंडा लेकर जैतखाम के प्रतीक चिन्ह को लेकर पूरे नगर में भ्रमण किया। बाद नगर के सबसे पुराने जैतखाम वार्ड नं 8 में पालो चढ़ाया गया। और पूजा अर्चना कर जयंती मनाई। इस अवसर पर नगर पंचायत तुमगांव के उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति पार्षद धर्मेंद्र यादव, नेता प्रतिपक्ष विजय बांधे, द्रोणाचार्य साहू, डोमार पटेल, राजेंद्र निर्मलकर, कुलदीप साहू, भुनेश्वर साहू, कुंदन प्रजापति, रूपेश टंडन, भूपेंद्र कुर्रे, राजेश यादव, नरेंद्र साहू, जितेंद्र जांगड़े, अजय मालवीय आदि उपस्थित रहे।




## पांच जनपदों के 14 गांवों में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक ने भारत सरकार एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित हितग्राहियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के लिए जनपद वार रूट प्लान, सेक्टर अधिकारी, क्लस्टर मुख्यालय सहित ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ गांव-गांव में पहुंचकर केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार से अवगत कराएंगे। उल्लेखनीय है कि संकल्प यात्रा 16 दिसंबर से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2024 तक चलेगी। यात्रा के तहत महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 105 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत 116, पिथौरा में 126, बसना में 102 एवं विकासखंड सरायपाली अंतर्गत 107 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचेगी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 21 दिसंबर को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत बरबसपुर और बिरकोनी में सुबह 10 बजे एवं बड़गांव और अछरीडीह में दोपहर 2 बजे से शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह जनपद बागबाहरा के ग्राम पंचायत खोपली में सुबह 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत कसहीबाहरा में 2 बजे से, जनपद पिथौरा के ग्राम पंचायत चारभाठा और अनसुला में सुबह 10 बजे से, ग्राम पंचायत पाटनदादर और सपोस में दोपहर 2 बजे से, जनपद बसना के ग्राम पंचायत परसकोल में 10 बजे से एवं केंवटापाली में 2 बजे से तथा जनपद सरायपाली के ग्राम पंचायत रिसेकेला में 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत केंदुआ में दोपहर 2 बजे से शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे और संबंधित योजना का लाभ दिलाने आमजन से आवेदन लिए जाएंगे तथा रथों में लगी एलईडी के माध्यम से योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे।

